हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 अक्टूबर 2025

04 समाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंदों के साथ मनाई ...



07 निर्धारित समय सीमा में कराएं लोगों की शिकायतों ...





## खबर संक्षेप में

### पटाखा दुकानों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था हो: कलेक्टर

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव ने निर्देश दिए है कि दीपावली पर्व पर जिले में लगने वाले सभी पटाखा बाजार स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से पुख्ता व्यवस्था हो। किसी भी प्रकार से आगजनी का खतरा नहीं रहे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर के आदेशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने सभी एसडीएम व नगरीय निकाय सीएमओ को पत्र जारी कर निर्देश दिए है कि पटाखा विक्रय स्थलों पर शासन निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाएं तथा अनुज्ञप्तिधारियों से निर्धारित शर्तों का पालन करवाया जाए। आगजनी से सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था रखे। नगरीय निकाय 24 घंटे फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रखे। उन्होंने निर्देश दिए कि एसडीएम, तहसीलदार आदि समय समय पर पटाखा विक्रय स्थलों का विजिट कर व्यवस्थाएं देखे। बिना लाइसेंस एवं शर्तों के विरुद्ध पटाखा विक्रय करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करे। पटाखा स्थलों पर सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो, पूरी सतर्कता बरतें। अपर कलक्टर श्री वर्मा ने बताया है कि पटाखा दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए है, यदि किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना परिलक्षित होने पर जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ आदि की होगी। यह सुनिश्चित किया गया है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रुपए प्रीमियम के रूप में जमा करना होगी।

### नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नए पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नए डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही। विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिवसीय योग और ध्यान अभ्यास सत्र हुआ

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अनुभाग स्तरीय योग और ध्यान सत्र का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के पालन में थाना परिसर भेरुंदा में दिनांक 15 अक्टूबर से दिनांक 17 अक्टूबर के मध्य तीन दिवसीय योग अभ्यास और ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। योग अभ्यास हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक ब्रजेन्द्र पारासर व अनिल मुकाती द्वारा कराया गया। योग अभ्यास के उपरांत ध्यान का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा तनाव मुक्त रहने के तरीकों के बारे में बताया। योग और ध्यान के लाभ के सम्बंध में भी अवगत कराया गया।

### दोपहिया वाहनों की हुई बिक्री, बर्तन बाजार भी चमका, खूब हुई खरीदारी

# धन तेरस पर बाजार में हुई धनवर्षा

**बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, सजावट के सामान के साथ अन्य सामानों की जमकर बिक्री हुई**





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पांच दिवसीय दीपोत्सव के प्रथम दिन खरीदी के सबसे बड़े महामुहूर्त धनतेरस पर बाजार में बूम आया। दोपहिया वाहनों की बिक्री सर्वाधिक रही। ग्रामीणों ने दीपावली पर्व को लेकर घर की सजावट के सामान के साथ पशुओं का श्रृगांर, किराना सामान आतिशबाजी रांगोली का रंग रंग-रोगन सामग्री तथा घर को जगमग करने के लिये दीपों की खरीददारी की। बर्तन बाजार में भी ग्राहकों की रोनक दिखाई दी। शनिवार को धनतेरस के अवसर पर बाजार में आशानुरूप ग्राहकी रही।

धनतेरस पर्व को लेकर बर्तन बाजार सुबह से ही सज गये थे तथा बाजारो में खरीददारो की भीड दिखाई पडी। गणपति चौराहा से शिवाजी चौराहा पटेल चौराहा मां बगलामुखी मंदिर मार्ग चौक बाजार सहित चहुंओर ग्रामीणो की भारी भीड दिखाई पडी।







#### इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल बाजारों में भी रही ग्राहकी

नगर में स्थित विभिन्न दोपहिया वाहनों के शोरूमों पर प्रातः से ही ग्राहक पहुंचने लगे थे। दोपहिया वाहन विक्रेता विजय तांतेड़ एवं मोहम्मद बोहरा ने बताया कि कई ग्राहकों द्वारा अपने मनपसंद मॉडल व कलर के वाहनो की पूर्व से ही बुकिंग करवा दी गई थी इसके अतिरिक्त धनतेरस पर भी अच्छी संख्या में वाहनों का विक्रय हुआ है। धनतेरस पर बर्तन बाजार में भी खासी ग्राहकी दिखाई दी। नागरिक अपनी आवश्यकता के बर्तन खरीदते दिखाई दिए। बर्तन व्यवसायी अभय मुणोत, दिनेश फाफरिया, संजय बडेरा ने बताया कि धनतेरस पर आशानुरूप ग्राहकी रही। धनतेरस पर मंहगी धातु सोने व चांदी के आभूषण में भी ग्राहकी का बूम नजर आया।

#### पशु श्रृगांर सामग्री भी बिकी

दीपोत्सव पर्व को लेकर किसानों ने अपने पशुधन के लिये पशुओं के श्रृंगार साम्रगी की जमकर खरीददारी की। इसके लिये मां बगलामुखी मार्ग पर जहां सुबह से लेकर देर शाम तक ग्रामीणो की भीड खरीददारी के लिये लगी रही।

#### खूब बिके पोस्टर

बाजार में किराना सामान के साथ ही ग्रामीणो ने फोटो पोस्टर की दूकानो से धन की देवी लक्ष्मी भगवान के चित्र मां दूर्गा के फोटो के साथ ही फिल्मी हीरो हीरोइन और प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त फोटोओं की खरीददारी की। इस वर्ष धनतेरस के खरीदी मुहूर्त पर छोटे बच्चों व युवाओं की साइकिलें भी जमकर बिकी। साइकिल विक्रेता मनीष नारेलिया ने बताया कि धनतेरस के लिए विशेष रूप से बच्चों के लिए साइकिलों का स्टॉक मंगवाया गया था जिनमें बच्चो को आकर्षित करते कई मॉडल उपलब्ध थे। उन्होंने बताया कि इस दिन बच्चों के साथ ही युवाओं की पहली पसंद रेंजर साइकिलों की अच्छी खासी बिक्री हुई है। इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की बिक्री भी आशानुरूप रही। इलेक्ट्रॉनिक विक्रेता सचिन तांतेड़ ने बताया कि वैसे तो लोग अपनी आवश्यकता की पूर्ति हेतु वर्ष भर उपकरण खरीदते रहते है लेकिन धनतेरस पर भी आशानुरूप ग्राहकी रही।

#### आतिशबाजी बाजार भी रहा गुलजार

मंहगाई के इस दौर में आतिशबाजी का शौक भी अभी तक कायम है। इसी के चलते तीर्थ यात्री सेवा सदन परिसर में लगे पटाखा बाजार में नगर सहित क्षेत्र के नागरिको ने बच्चो के लिये जमकर खरीददारी की गई।

## भगवान धनवंतरी के साथ की मां लक्ष्मी जी की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शनिवार को धनतेरस पर भगवान धनवंतरी के साथ ही ऐसे परिवारों जिन्हें दीपावली पर लक्ष्मी पूजा नही होती है उनके द्वारा लक्ष्मी पूजा भी की गई।

धनतेरस पर नगर में नागरिकों द्वारा शुभ मुहूर्त में भगवान धनवंतरी की पूजा की गई। इसी दिन नगर के कुछ परिवारों द्वारा लक्ष्मी पूजा भी की गई। इन परिवारों द्वारा अपने घर व प्रतिष्ठानों पर पुष्प सज्ज्रा व विद्युत सज्ज्रा कर घर आंगन को दीपों से सजाकर शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी की पूजा की गई।

### रंगोली के रंगों से देशभक्ति भावना को उकेरा







**नलखेड़ा।** पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरुआत धनतेरस से ही महिलाओं व बालिकाओं द्वारा घर आंगन में विभिन्न प्रकार की आकर्षक रांगोली बनाकर दीपों की रोशनी से घर को सजाया जा रहा हैं। वहीं एक बालिका द्वारा अपने घर आंगन में रंगोली के रंगों से देशभक्ति की भावना को सुंदर ढंग से उकेरा जाकर ऑपरेशन सिंदूर पर आकर्षक रंगोली बनाई गई। धनतेरस पर्व पर मंदिरों व धार्मिक स्थलो पर भी महिलाओं द्वारा आकर्षक रांगोलिया बनाई गई। दीपावली पर्व को लेकर जहा बाजारो में रोनक छाई हुई है। वहीं घरों में भी इस पर्व को लेकर उत्साही माहोल दिखाई दे रहा है। धन तेरस पर्व पर जहां घरों को दीपक की रोशनी के साथ विद्युत रोशनी भी की गई वहीं घरो व प्रतिष्ठानों के सामने घर की गृह लक्ष्मी द्वारा विभिन्न रंगो से आकर्षक रांगोलीया बनाई जाकर दीपों की रोशनी से उन्हें सजाया गया। धन तेरस पर नियति सकलेचा द्वारा अपने घर आंगन में रंगोली के रंगों से देशभक्ति की भावना को सुंदर ढंग से उकेरा जाकर ऑपरेशन सिंदूर पर आकर्षक रंगोली बनाई गई।

## बिजली सब स्टेशन में कर्मचारी की मौत: बुधनी के माना सब स्टेशन पर करंट लगने से हादसा



**सीहोर।** जिले के बुधनी स्थित माना विद्युत सब स्टेशन पर एक आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पांडाडो निवासी योगेश उइके (30 वर्ष) के रूप में हुई है। यह हादसा काम के दौरान हुआ।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिजली की आपूर्ति अचानक चालू होने से यह दुर्घटना हुई। इस मामले में बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है।

#### घटना के बाद परिजनों का हंगामा

घटना के बाद परिजन अस्पताल में जमा हो गए और उन्होंने हंगामा भी किया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि माना सब स्टेशन पर आउटसोर्स कर्मचारी योगेश उइके काम कर रहा था, तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गई। बुधनी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जमकर हो रही है स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में दीपावली पर्व के चलते बाजार सज चुके है साथ ही प्रधानमंत्री की स्वदेशी अपनाओ अपील का असर भी अब बाजार में दिखाई देने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिवाली पर स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की अपील की गई है जिसका असर आम लोगों में दिखाई देने लगा है। नगर में आमजन चाइना व विदेशी उत्पादों को छोड़कर स्वदेशी बने दीये व अन्य वस्तुओं को अधिक से अधिक खरीद रहे है। जिससे इन उत्पादों को बनाने वाले कलाकार भी खुश दिखाई दे रहे है। दीपावली पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगो से स्वदेशी उत्पाद ज्यादा से ज्यादा खरीदने की अपील की है। उनकी अपील का असर अब नगर के लोगो मे भी दिखाई दे रहा है। दीवाली पर सामान लेने बाजार पहुंचे लोग अब ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी उत्पादों की ही खरीदी करते दिखाई दे रहे है। स्वदेशी वस्तुओं की बढ़ती मांग के चलते स्थानीय उत्पादक भी खुश नजर आ रहे है। नगर में शिल्पकार बड़ी संख्या में दीपक व मिट्टी से बनी कई तरह की साज सज्जा की वस्तुएं भी बनाते है। इन दिनों बाजार में इन उत्पादों की बढ़ती हुई मांग के चलते ये शिल्पकार दिन रात मेहनत कर इनको ज्यादा से ज्यादा बनाने में लगे हुए है। ताकि दुसरो के घरों में इनके बने दीपो से रोशनी हो सके तो वहीं अच्छा मुनाफा मिलने से इनकी भी दीपावली रोशन हो जाए। क्योंकि इन स्थानीय शिल्पकारों का पूरे वर्ष भर का घरेलू खर्च दीपावली के त्यौहार पर ही ज्यादातर निर्भर रहता है। इसी प्रकार रंगोली के स्वदेशी रंग भी जमकर बिक रहे है। आमतौर पर विद्युत सज्ज्रा के लिए लोग चाइनीज आयटम पसंद करने लगे थे लेकिन दुकानदारों के अनुसार अभी तक जो भी ग्राहक आये है वे स्वदेशी छोटे वल्बो की लड़ी ही मांग रहे है झिलमिल करती चाइनीज लड़यां नही खरीद रहे है। चाइनीज दीपक भी नही के बराबर बिक रहे है। वहीं नगर में नागरिकों द्वारा जो विद्युत सज्ज्रा करवाई जा रही है उसमें भी चाइनीज आयटम नही लगवाए जा रहे है। विद्युत सज्ज्रा में भी नगरवासी स्वदेशी लाइट ही लगवा रहे है।

### धनतेरस के दिन से महावीर स्वामी का विशेष ध्यान प्रारंभ हुआ था दिगंबर जैन समाज में हुए विशेष प्रवचन

# हमें भी जीवन में धर्म संस्कारों को आगे बढ़ाना है: गणधर मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

दीपावली पर भगवान महावीर स्वामी ने आठों कर्मों का क्षय करके निर्वाण प्राप्त किया था। हिंदू धर्म अनुसार इसी दिन भगवान श्री राम वनवास से वापस अयोध्या आए थे। इसीलिए सभी ने दीपक की रोशनी की थी। तेरस के दिन से भगवान महावीर को योग निरोध प्राप्त हुआ था। भव्य जीवों के योग से संतों का विहार व उपदेश होता है। धन के पीछे मत भागो धर्म के पीछे भागो। फटाखे चलाने से कई पक्षी व जीव जंतु की जान चली जाती है। जनहानि भी इससे हो जाती है। धनतेरस के दिन से महावीर स्वामी का विशेष ध्यान प्रारंभ हुआ था। इसी कारण आज का दिन धन्य या ध्यान तेरस है। हमें भी आज के दिन अपने धर्म संस्कारों को बढ़ाना है। दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. ने धनतेरस पर्व पर दिए गए अपने विशेष प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनि श्री ने कहा कि धनतेरस के दिन से महावीर स्वामी की दिव्य देशना खिरना बंद हो गई थी। समोशरण का विघटन शुरू हो गया था। जिसने महावीर स्वामी की दिव्य देशना पर ध्यान नहीं दिया था। महावीर स्वामी ध्यान में लीन हो गए। इसीलिए इस दिन को धन्य तेरस भी कहा जाता है।वहीं इसी दिन लोगों को रत्नों व धन की प्राप्ति भी हुई थी। इसीलिए इसे धनतेरस भी कहते हैं।

मुनिश्री श्री ने कहाकि आचार्य श्री ने लिखा है कि मैं उन महावीर को नमन करता हूं जिसने जगत का कल्याण किया जो महावीर सौ इंद्रों से पूज्य थे। भवनवासी 40 देव, व्यंतर 32 देव, कल्पवासी 24 इंद्र, ज्योतिषदेव के सूर्य व चंद्र इंद्र, ऐसे 100 इंद्रों से पूज्य महावीर को हम नमन करते हैं। उन्होंने बताया कि महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात श्रुत केवली हुए। अभी भी महावीर स्वामी का शासन काल चल रहा है पंचम काल में धर्म की महिमा कम होती जा रही है। घटे काल में धर्म पूणतया समाप्त हो जायेगा। तीर्थंकर धर्म तीर्थ के प्रवर्तक होते हैं। ऐसे महावीर स्वामी का शासन धर्म का पथ प्रदर्शक था। महावीर स्वामी के धर्म के पथ को जीवों ने धारण कर लिया। महावीर स्वामी की दिव्य देशना को धारण कर कई जीव मोक्ष को प्राप्त हो गए। छैः केवली तो महावीर स्वामी के पूर्व ही मोक्ष चले गए।



मुनिश्री ने कहाकि हमें भी भगवान के समक्ष यह भावना भाना चाहिए कि हम कब भगवान के समोशरण में विराजमान होकर उनकी गंध कुटी से दिव्य देशना सुनेंगे। निर्मल परिणाम वाले सम्यक दृष्टि जीव ही महावीर स्वामी की दिव्य देशना सुन सकते हैं

नलखेड़ा के समाज में भी 400 लोग हैं लेकिन सौभाग्यशाली जीव ही मुनियों के संपर्क में आकर चातुर्मास तथा प्रवचन का लाभ ले रहे हैं। भगवान महावीर स्वामी का विहार अनिश्चछा से होता था। जो उनका धर्म उपदेश था वो भी भव्य जीवों के योग व पुण्य से होता था। जिन जीवों का पुण्य अच्छा होता था उसी और महावीर स्वामी का विहार व उपदेश होता था। मुनिश्री ने कहाकि भव्य जीवों के योग से संतों का विहार व उपदेश होता है। ऐसे ही भगवान महावीर स्वामी का विहार होता था। जिस प्रकार ढोलक स्वयं बजने की इच्छा नहीं रखती है वह बजाने वाले की इच्छा से बजती है। ऐसे ही तीर्थंकरों की ध्वनि भव्य जीवों के पुण्य से खिरती है। वैशाख शुक्ल की दशमी के दिन वर्धमान स्वामी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था। 65 दिनों तक दिव्य ध्वनि का अभाव रहा। महावीर स्वामी को केवल ज्ञान के 65 दिनों तक दिव्य देशना नहीं खिरती है। दिव्य ध्वनि क्यों नहीं खिर रही थी। क्योंकि उसका योग नहीं बन पाया था। भरत चक्रवर्ती के निमित्त से आदिनाथ भगवान की दिव्य देशना खिरी थी। 65 दिन तक निरंतर श्रावकगण समोशरण में जाते रहे। भगवान के भामंडल में सात भव झलकते हैं।

मुनि श्री ने बताया कि योग्य पात्र का अभाव होने से दिव्य वाणी नहीं खिर रही थी। इंद्रभूति गौतम स्वामी के निमित्त से महावीर स्वामी की दिव्य देशना खिरी थी। इंद्रभूति के 500 शिष्य थे। एक वृद्ध व्यक्ति इंद्रभूति से मिलने जाता है। वृद्ध जाकर कहता है कि मुझे मेरे गुरु ने इंद्रभूति से एक छंद का अर्थ पूछने के लिए भेजा है। इंद्रभूति ने उस वृद्ध के छंद को सुनकर कहा कि है वृद्धजन हम आपके छंद का अर्थ आपके गुरु को ही बताएंगे। एक साथ 1500 शिष्य भगवान महावीर स्वामी के दर्शन हेतु चल देते हैं। गणधर मुनि मानस्तंभ को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। और मान स्तंभ को देख करके सम्यक दर्शन हो जाता है। और मान स्तंभ को देखकर उनका सारा मान भी गल जाता है। इस प्रकार इंद्रभूति गौतम दिगंबर दीक्षा धारण करके मोक्ष पथ गामी हो जाते हैं।

मुनिश्री ने बताया कि सावन वदी एकम के दिन से 19 वर्ष 5 माह 20 दिन महावीर स्वामी की दिव्य ध्वनि खिरती रही। कार्तिक कृष्ण तेरस के दिन से योग निरोध हो जाने से समोशरण का विघटन हुआ। उस दिन से दिव्य ध्वनि का अभाव हो गया। महावीर स्वामी के सारे मुनिजन भी आज ही के दिन ध्यान मग्न हो गए है। और आज हम सोना चांदी खरीदने में लगे हैं। ज्ञानियों का काम ज्ञानी और अज्ञानी का काम अज्ञान करते हैं। धनतेरस के दिन से महावीर स्वामी का विशेष ध्यान प्रारंभ हुआ था। इसी कारण आज का दिन धन्य या ध्यान तेरस है। हमें भी आज के दिन अपने धर्म संस्कारों को बढ़ाना है। अच्छे से धर्म की वृद्धि करो। मन वचन काय को धर्म में लगाओ। धन के पीछे मत भागो धर्म के पीछे भागो। मुनिश्री ने कहाकि आज हम दीपावली का उत्सव पटाखे छोड़कर मानते हैं। लेकिन विचार करो फटाखों से कई पक्षी व जीव जंतु की जान चली जाती है। यहां तक की बड़ी जनहानि भी हो जाती है। हमें दीपावली का यहां पर हर्ष के साथ भगवान की पूजा आराधना कर मानना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष शिंदे का निधन



**देवास।** वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब देवास के पूर्व अध्यक्ष अनिल शिंदे का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार सुशील शिंदे के बड़े भाई थे। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा सुपर मार्केट स्थित निज निवास से निकली, जो स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची, जहां पुत्र अक्षय शिंदे ने मुखाग्नि दी। स्व. अनिल शिंदे के निधन पर समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, पूर्व सभापति अंसार अहमद, पत्रकार अनिलराजसिंह सिकरवार, असलम खान, अतुल बागलीकर, हेमंत शर्मा, जगदीश सेन, सूरजसिंह गौड़, संतोष मोदी, जाकिर उल्लाह, डॉ. बबलू शेख, विरेन्द्र दरबार, संतोष गोस्वामी, अभय नागर, मुर्तजा सैफी, मनोहर ब्राह्मणी धीरज सेन आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नवागत अनाज मंडी सचिव का किया स्वागत

**देवास।** अनाज मंडी व्यापारी एसोसिएशन द्वारा नवागत मंडी सचिव अरविंद परिहार का पुष्पमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय परवाल, सचिव अर्पित अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी पवन अग्रवाल, महेश जायसवाल आदि ने पुष्पमाला से नवागत अनाज मंडी सचिव का स्वागत किया तथा भावांतर योजना पर विस्तार से चर्चा की। सचिव अर्पित अग्रवाल ने बताया कि भावातंर योजना को देखते हुए मंडी मुहूर्त 24 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10.15 मिनट पर रखा गया है।

### कुबेर देवता की महा आरती की

**देवास।** मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा मां चामुंडा टेकरी स्थित धन कुबेर देवता की 108 दीपकों से महाआरती की गई । समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि समिति के महासचिव इंदर सिंह गौड़ के मुख्यातिथ्य में कुबेर देवता को 101 किलो का हार पहनाकर विधि विधान पूर्वक दूध दही पंचामृत से अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई।

धनतरेस पर भगवान धन्वंतरि की जयंती पर वैद्यों ने किया पूजन, आरती कर अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की

# समाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दिवाली सेवा कार्य की सहायता से पहुंचाई मदद, बच्चों संग बांटी खुशी






### महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को धनतरेस पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की जयंती पर वैद्यों ने भगवान धनवंतरी का पूजन, आरती कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। वही समाजिक संस्थाओं ने जरूरतमंदो के साथ दिवाली मनाई, संस्थाओं ने सेवा कार्य की सहायता से पहुंचाई बच्चों की मदद की जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। वही कुछ सामाजिक संस्थाओं ने महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव की शुरुआत की।







### आयुर्वेद महासम्मेलन ने मनाई जयंती

अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन, जिला शाखा देवास के तत्वाधान में धनतरेस पर आयुर्वेद के जनक भगवान श्री धन्वंतरि जयंती का पावन आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष वैद्य बंशीलाल वर्मा के दोप्रदी नगर स्थित निवास पर किया गया। सचिव जे.सी. परिहार ने बताया कि पूजन कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैद्य डॉ. डी.एल. तकझरे रहे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने उपस्थित समस्त वैद्यों से सामूहिक रूप से आरती सम्पन्न करवाई। कार्यक्रम के दौरान वैद्य योगेन्द्र नारायण तकझरे ने भगवान धन्वंतरि के जीवन, आयुर्वेद के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। भगवान धन्वंतरि का आशीर्वाद हम सभी को निरोग और प्रसन्न बनाए रखे। इस अवसर पर डॉ. सुभाष भार्गव, मोहनलाल मनवानी, डॉ. सतीष जय सिंद्यानी, जगदीशचंद्र परिहार, कमलेश दुबे, वैद्य श्रीमती सुधा वर्मा, वैद्य विद्यावती खत्री, वैद्य अपूर्वा पुराणिक सहित अनेक वरिष्ठ वैद्यजन, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजन ने भगवान धन्वंतरि की आरती कर सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को धन्वंतरि जयंती की शुभकामनाएं दीं।

### जरूरतमंद बच्चों संग बांटी खुशियां

दीपावली के शुभ अवसर पर सर्व श्री हरि वेलफेयर सोसाइटी एवं लायंस क्लब देवास गोल्ड के संयुक्त तत्वावधान में "खुशियों की पोटली" कार्यक्रम का आयोजन श्री हरि गार्डन, गोमती नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशियां और रोशनी फैलाना था। इस अवसर पर बच्चों को उपहार स्वरूप "खुशियों की पोटली" वितरित की गई, जिसमें मिठाइयां, दीपक, बाती तेल टि शर्ट , पटाखे, खिलौने एवं अन्य उपयोगी सामग्री शामिल थी। अतिथियों ने बच्चों संग समय बिताया और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, सत्ता पक्ष नेता मनीष सेन, एमआईसी मेंबर गणेश पटेल, विधानसभा संयोजक ओम जोशी, सीनियर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री एवं पूर्व महापौर रेखा वर्मा, डॉ. समीरा नईम शामिल रहे। लायंस क्लब गोल्ड एवं सर्व श्री हरि वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष हिना राठौर एवं पूरी टीम सोनल शर्मा, आशा पटेल, नेहा छाबड़िया, तरुणा जाट, ज्योति सिंह, सपना सिंह शुभांगी राठौर, मुस्कान राठौर, हर्षा तिवारी, जया सोनी, स्वाति नामदेव, कृपाली राणा सहित पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मोनिका शर्मा ने किया तथा आभार सफीया कुरैशी ने व्यक्त किया।

### इनरव्हील क्लब ने किया सेवा कार्य

इनरव्हील क्लब देवास 304 की ओर से दीपावली पर्व के अवसर पर दो शानदार एवं सेवा से परिपूर्ण प्रोजेक्ट संपन्न किए गया। क्लब अध्यक्ष मोनिका जैन ने बताया कि प्रोजेक्ट दीपावली सबके लिए अंतर्गत क्लब की बहनों ने झुग्गी-बस्ती में रह रहे जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली की खुशियाँ बाँटते हुए कपड़े, धानी के पैकेट, पटाखे के पैकेट और बच्चों के कपड़े बड़ों के कपड़े,गरम कपड़े बच्चों के खिलौने वितरित किए। इस पहल से कई परिवारों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी और त्योहार की सच्ची भावना खुशी बाँटने में ही खुशी है साकार हुई। प्रोजेक्ट सेवा भाव वृद्धाश्रम में के अंतर्गत क्लब की टीम ने वृद्धाश्रम बसेरा में पहुँचकर वहाँ के 45 वृद्धजनों को इनरव्हील क्लब द्वारा तैयार किए गए कपड़े के बैग और क्लब सदस्य प्रीति यादव के सहयोग से मेडिकल किट वितरित की। वृद्धाश्रम में मनोरंजक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें भाग लेने वाले वृद्धजनों को क्लब मेंबर निशा राठौर द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ नेकी की दीवार किन्नर परिवार के साथ के अंतर्गत समाज के एक विशेष वर्ग किन्नर परिवार के घर पहुँचकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके लिए 10 हजार रूपये मूल्य का किराने का सामान प्रदान किया। साइकिल से शिक्षा की राह प्रोजेक्ट अंतर्गत क्लब की वरिष्ठ सदस्य सरोज तिवारी की ओर से मल्हार स्मृति मंदिर में एक जरूरतमंद छात्रा संजना पांडे को नई नई साइकिल प्रदान की गई, ताकि वह अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रख सके। सभी प्रोजेक्ट में क्लब अध्यक्ष मोनिका जैन, सुनीता पाटिल, चंद्रकांता शर्मा, सरोज तिवारी, प्रीति यादव, रश्मि पांडेकर, हंसा जोशी, नीला तिवारी, कीर्ति तेलंगाना, भावना ठाकुर, रेखा पांचाल, मीना वर्मा, मेघा शर्मा, अंजना त्यागी, अपर्णा देशपांडे, रेखा उपाध्याय उपस्थित रहीं।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जलाए दीप

अखंड भारत हेतु संकल्पित उस्ताद फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के महापर्व के उपलक्ष्य में धनतेरस की पूर्व संध्या पर छत्रपति शिवाजी महाराज व महाराणा प्रताप की गौरवशाली प्रतिमाओं पर अध्यक्ष धनंजय गायकवाड के नेतृत्व में माल्यार्पण एवं मिट्टी के दीपकों में प्रज्वलित एवं रंगारंग आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया और महापर्व की शुभकामना दी। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य अपने अपने घरों के साथ आसपास के महापुरुषों, इष्टदेव, प्राचीन स्मारकों, नदी, तालाब की सफाई कर युवाओं का इस ओर ध्यान आकर्षित कर दीप जलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उस्ताद फाउंडेशन विस्तार प्रमुख दामोदर राव जाधव, लोकेश विजयवर्गीय, लक्ष्मी नारायण मारू, माखन सिंह धाकड़, श्रीराम कुमावत, प्रतीक शास्त्री, रमेश कौशल, शैलेंद्र सिंह दरबार, राजेश पांचाल, भूपेंद्र चड़ोकर, आदित्य श्रीवास्तव, शुभम केवट, जयंत गोईल, कीर्तन विजयवर्गी, मौर्य गायकवाड, कृष्णा सोनी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मोंटी जाधव ने दी।

## साइबर धोखाधड़ी: 20 रुपए का पेमेंट करने पर खाते से कटे 43 हजार, शोरूम स्टाफ पर गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


Acknowledgement No
32110250034301
Name of Complainant
Jay Mali
PS:- industrial area
Amt:- 43265/-

शहर के एबी रोड स्थित शोरूम में लैपटॉप ठीक कराने गए एक युवक के साथ साइबर धोखाधड़ी हो गई। लैपटॉप के फीचर ठीक करने के नाम पर 20 रुपए का भुगतान करते समय युवक के खाते से किश्तों में 43,000 रुपए कट गए। पीड़ित ने इस मामले में शोरूम मैनेजर के साथ-साथ पुलिस और साइबर सेल में भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने शोरूम कर्मचारियों की मिलीभगत का भी संदेह जताया है।जय माली नाम के युवक ने पुलिस को बताया कि उसने 16 अक्टूबर को शोरूम से एक लैपटॉप खरीदा था। घर ले जाने के बाद लैपटॉप के कुछ मुख्य फीचर, खासकर माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सेटिंग्स, ठीक से काम नहीं कर रही थीं। जब वह यह समस्या लेकर वापस शोरूम पहुंचा, तो कर्मचारियों ने उसे ठीक करने के लिए 20 रुपए का भुगतान करने को कहा।आरोप है कि जैसे ही जय माली ने 20 रुपए का भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू की, उसके खाते से अलग-अलग किश्तों में कुल 43,000 रुपए कट गए। पीड़ित का कहना है कि उसे लैपटॉप के साथ एक साल की प्रीमियम सेवा मुफ्त मिलने की बात कही गई थी, फिर भी उससे 20 रुपए मांगे गए और फिर यह धोखाधड़ी हुई।पीड़ित जय माली ने बताया कि उसने तुरंत शोरूम मैनेजर से इसकी शिकायत की। मैनेजर ने सोमवार तक पैसे वापस दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा, जय ने संबंधित थाने और साइबर सेल में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसने यह लैपटॉप बजाज फाइनेंस से 37,000 रुपए में फाइनेंस कराया था, और अब उसके खाते से अतिरिक्त 43,000 रुपए कट गए हैं। वह इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## नगर परिषद अध्यक्ष की मांग पर मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नगर परिषद बागली में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं। मंगलवार के दिन मुख्यमंत्री मोहन यादव शासकीय सीएम राइज स्कूल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए बागली पहुंचे थे। जहां पर मंच पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव द्वारा नगर के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से राशि की मांग की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा 10 करोड रुपए की राशि नगर परिषद बागली को विकास कार्य के लिए देने की घोषणा की गई है। सीमा कमल यादव ने बताया कि नगर में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में बेहतर से बेहतर विकास कार्य नगर में हो और जनता को उसका लाभ मिले,उसी उद्देश्य को लेकर कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री से नगर विकास के लिए राशि मांगी गई थी, जिस पर उनके द्वारा 10 करोड रुपए देने की घोषणा की है जिससे नगर में अनेक प्रकार के नवीन विकास कार्य होंगे और सीधा लाभ नगर की जनता को मिलेगा। इस दौरान नगर परिषद की ओर से अध्यक्ष सीमा कमल यादव एवं नगर परिषद महासभा प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव, सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कन्या महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिता

# संभाग स्तरीय महिला योग प्रतियोगिता में शाजापुर रहा विजेता







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महारानी पुष्पमाला राजे पंवार शासकीय कन्या स्नातक महाविद्यालय, देवास द्वारा संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता (महिला वर्ग) का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न जिलों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग विद्या में अपनी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शर्मिला कांटे एवं क्रीड़ा अधिकारी अंकित सक्सेना द्वारा अतिथियों के परिचय से हुआ। इसके पश्चात उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि विशाल शिंदे, कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी, तथा विशेष अतिथि लेखक एवं समाजसेवी अमित राव पवार सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास करती हैं।जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए योग जीवन का अभिन्न अंग बनना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ तन और मन ही प्रगति की दिशा में पहला कदम हैं। विशिष्ट अतिथि विशाल शिंदे ने अपने संबोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी को योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसे आयोजन प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा देते हैं। प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों की छात्राओं ने सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल चंद्रशेखर तिवारी एवं मोनू तिवारी द्वारा मूल्यांकन के उपरांत शाजापुर जिला विजेता तथा उज्जैन जिला उपविजेता घोषित किए गए। प्राचार्य जी. डी. सोनी एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ लोकेश जारवाल द्वारा विजेता उपविजेता दल को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रमोद परिहार ने व्यक्त किया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजन समिति एवं सहयोगी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय एवं अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## मोती बंगला क्षेत्र में प्रोफेसर के घर देर रात चोरों ने किए हाथ साफ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाइन थाना अंतर्गत शहर के मोती बंगला क्षेत्र की यशवंत कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक प्रोफेसर के घर चोरी की वारदात हो गई। इंदौर मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वसीम खान के घर में घुसा चोर पर्स में रखे 30 हजार रुपए चुराकर ले गया। चोर लैपटॉप और एटीएम कार्ड घर पर ही छोड़ गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। प्रोफेसर वसीम खान ने बताया कि घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुई। जब वे सुबह उठे तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला, तब उन्हें चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि एक बदमाश घर में घुसा था। चोर ने अलमारी से भी चोरी करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाया। प्रोफेसर ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है। प्रोफेसर वसीम खान यहां अपने पिता, पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं।

**खबर संक्षेप**

### ट्रेन की चपेट में आने से पुस्तक व्यापारी की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में ट्रेन की चपेट में आने से एक किताब व्यापारी की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब व्यापारी अपनी बेटी को लेने रेलवे स्टेशन गया था। सूचना मिलने पर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला गांधीनगर निवासी 48 वर्षीय अमित गुप्ता, पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता, शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे रेलवे स्टेशन गए थे। उनकी बेटी भोपाल से ट्रेन से आ रही थी। अमित प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर जाने के लिए रेल पटरी पार कर रहे थे, तभी झांसी से भोपाल की ओर जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया। मृतक अमित गुप्ता चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। वह एक बुक सेलर थे और घंटाघर के पास उनकी 'नवीन बुक डिपो' नाम की दुकान थी। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि अमित अपनी बेटी को लेने रेलवे स्टेशन गए थे। अमित की स्टेशन पर मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी ट्रेन से उतरकर घर पहुंच गई थी। परिजनों को दुर्घटना का पता कुछ देर बाद चला।

### रास्ते में रोककर धमकाते हुए मारापीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वसुन्धरा कालोनी चांदमारी निवासी सुमित लिटौरिया पुत्र स्व.रामेश्वर प्रसाद लिटौरिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे में शिव मंदिर के आगे ढिमरयाना मोहल्ले के पास था, तभी बरया भवन के पास नई बस्ती निवासी आशीष सराफ व मनीष सराफ अपने दो अज्ञात लोगों के साथ आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फर्जी पर्ची बनाकर खाद ले जाते तीन को पकड़ा

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में फर्जी पर्ची बनाकर खाद की बोरियां चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। शुक्रवार रात रामनगर स्थित एक खाद गोदाम से चोरी करते समय उन्हें रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से एक टैक्सी भी जब्त की है। यह कार्रवाई खाद व्यापारी अनिल जैन डोंगरा की शिकायत पर की गई। डोंगरा मोहल्ला इलाईट के पीछे निवासी हैं और उनका गोदाम एआरटीओ मार्ग के निकट नहर के पास है। व्यापारी ने बताया कि कई दिनों से उनके मुनीम के नाम की फर्जी पर्चियां बनाकर गोदाम से खाद की बोरियां चोरी की जा रही थीं। शुक्रवार रात जब युवक फर्जी पर्ची का उपयोग कर खाद की बोरियां ले जा रहे थे, तभी दुकानदार ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ जारी है। कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि अभी दुकानदार ने कोई तहरीर नहीं दी है, तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### दीपावली को लेकर खाद्य विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दीपावली के पावन पर्व के दौरान खाद्य पदार्थो के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो। खासकर अमानक स्तर के खाद्य पदार्थो का विक्रय ना हो इसके लिए कार्य क्षेत्रों में सतत निगरानी व औचक निरीक्षण के प्रक्रिया सतत क्रियान्वित रखें। विदिशा तहसीलदार प्रीति पंथी ने बताया कि एसडीएम क्षितिज शर्मा के मार्गदर्शन में आज राजस्व विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों की गठित टीमो के द्वारा निरीक्षण किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से बीकानेर स्वीटस माधवगंज में बिना एक्सपायरी डेट अंकित किए गए पैकिंग सामग्री विक्रय पर नापतौल विभाग के साथ जब्ती की कार्यवाही की गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने सुनी जनशिकायतें

# निर्धारित समय सीमा में कराएं लोगों की शिकायतों का समाधान : डीएम

**कई शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण, शेष शिकायतों के निस्ताराण हेतु निर्धारित की समय सीमा**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए आज शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। इस दौरान कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया और शेष बची शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित करते हुए निस्तारण की समयसीमा निर्धारित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में होना चाहिए, इसके लिए अधिकारी स्वयं शिकायतों का संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए अवगत करायें।

### संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील तालबेहट में कुल 87 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 28, विकास के 07, पुलिस के 20, पूर्ति के 16, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 12 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 03, पुलिस विभाग के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील महरौनी में कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05, पुलिस के 02, चकबंदी के 02, नगर पंचायत का 01, विद्युत के 02 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील पाली में कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 07, चकबंदी के 06 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, पुलिस के 03, विद्युत के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**बस ऑपरेटरों के साथ बैठक**

## त्योहारों के मद्देनजर बस में निर्धारित सवारियां ही बैठाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्द्धन पूजा व भैयादूज तथा छटपूजा के दृष्टिगत सुगम और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद ललितपुर के बस आपरेटर्स के साथ एआरटीओ कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में प्रतिभागी बस आपरेटर्स को निर्देश दिये गये कि बस में यात्रा करने वाले किसी भी यात्री से किसी भी तरह का दुर्व्यहार न किया जाये, बस में यात्रा करने वाले किसी भी यात्री से निर्धारित किराये से अधिक किराये की वसूली किसी भी परिस्थिति में न की जाये, निजी बस यूनियन से चालित सभी बसों की समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, बस चालक/परिचालक द्वारा किसी भी प्रकार का मादक दृव्य (शराब आदि) पीकर वाहन का संचालन किसी भी दशा में न किया/कराया जाए, बस चालक द्वारा निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में बस का संचालन कदापि न किया जाए, बस चालक/परिचालक द्वारा किसी भी परिस्थिति में बसों की छतों पर सवारियों को न बैठाया जाए, बस चालक/परिचालक का स्वास्थ्य परीक्षण निजी बस स्वामियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में दुरूस्त (फिट) चालक/परिचालक से ही बसों का संचालन कराया जाए, बसों में सुरक्षित/सुगम यात्रा के दृष्टिगत निर्धारित सीटिंग क्षमता से अधिक सवारियों का परिवहन न किया जाए, बिना वैध प्रपत्र के वाहन का संचालन कदापि न किया जाए, वाहन संचालन के समय सुरक्षा मानकों का अनुपालन किया जाए, यातायात नियमों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए आदि शामिल रहे। प्रकरण जनमानस की सुरक्षा से सम्बन्धित है। अतः उपरोक्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 24 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 24 अक्टूबर की दोपहर एक बजे से जिला पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित की गई है। एजेंडा बिन्दुओं पर आधारित विभागीय जानकारियां 22 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक कक्ष क्रमांक 28 में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## युवक व युवतियों के लिए रोजगार मेले का 29 को सुबह 10:30 बजे से आयोजन किया जाएगा

**पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक दिवसीय आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी द्वारा आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर । जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियो के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है इस वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा है।

वृहद रोजगार मेले में 1 आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4 जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 7-आर० के० इलैक्ट्रॉनिक्स में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियाँ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियों रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय संपर्क करें।

सीओ सिटी के नेतृत्व में लौटाए गए फोन

## खोए मोबाइल धनतेरस पर पाकर खुश हुए लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली की साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा कोतवाली ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत गिरे/ खोये हुए मोबाइल के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसके सम्बन्ध में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। कोतवाली ललितपुर की साइबर सेल पुलिस टीम ने पीडितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर आवेदके प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के आईएमईआई नम्बरों को रन कराया गया। विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्षलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 21 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइलों को विभिन्न राज्यों व उ.प्र. के अलग-अलग जिलों से बरामद कर उनके स्वामी को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। पीड़ित के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, कोतवाली ललितपुर पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। मोबाइल फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, साइबर सेल से कां.लोकेन्द्र सिंह व कां.संदीप शामिल रहे।

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने की शहर भर में छापेमारी**

## दीपावली को ध्यान में रखते मिष्ठान दुकानों से लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन मिलावटखोरों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश व जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर भर में छापेमारी की गयी। विभागीय टीम ने शहर क्षेत्र के सुभाषपुरा स्थित अपना स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान से छैना का नमूना संग्रहित किया गया। दूसरी टीम द्वारा मेसर्स बालाजी मिष्ठान से बर्फी का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार एवं एस.एस.निरंजन तथा द्वितीय टीम में मुख्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।



## सुरक्षित दीपावली मनाए जाने के लिए जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वि.रा. अंकुर श्रीवास्तव ने सुरक्षित दीपावली मनाए जाने हेतु अग्नि सुरक्षा के उपाय के दृष्टिगत दिशा निर्देश करते हुए बताया है कि हमेशा पटाखे खुली जगह में फोडन्ना चाहिए। यह ध्यान रखें कि आस-पास कोई ज्वलनशील चीज नहीं होना चाहिए। दिया, मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर ही सजाएं। बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अत्यधिक भार न दें, शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना से विशेष रूप से सतर्क रहे, तेज आवाज वाले पटाखे स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, आश्रम आदि के पास न छुड़ाएं यह ध्वनि प्रदूषण के साथ आपके एवं दूसरों के कानों को नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा दिल के मरीजों को अत्यधिक नुकसान की संभावना रहती है।

अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरंत निपटने के लिए 2 बाल्टी पानी व बालू भर कर रखें। पटाखे हमेशा लाइसेन्स विक्रेता से खरीदें। पटाखे फोड़ते समय बच्चों का ध्यान रखें। आतिशबाजी करते समय जूते पहने रहे। पटाखा फोडन्ने के बाद हाथों को साफ, धोएँ, अगर शोर ज्यादा हो रहा हो तो कानों में कॉटन लगाएं। इमरजेंसी के लिए बाल्टी भर पानी पास में रखें, आग लाग्ने पर फायर ब्रिगेड को कॉल करें। जानवरों के उपर एवं वाहनों के आस-पास पटाखे न जलाए। अगर सांस लेने की समस्या है, तो घर के अंदर ही रहे। इसके अलावा कभी बिजली के खंभों और इलैक्ट्रिक तारों के पास पटाखे नाही जलाएं। सिल्क और सिंथेटिक कपड़े नाही पहने, इसमे आग जल्द लगती है। अगर पटाखों को फटने में समय लग रहा है, तो उसके पास ना जाएं। इसे बुझाने के लिए पानी डालें। अधूरे पटाखों के पास ना जाए। अगर कोई जल जाएँ, तो खुद इलाज न करें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। सैनीटाईजर को पटाखों और आग से दूर रखें। पटाखे जलाते समय माचिस, मोमबत्ती एवं दीपक को पास नहीं रखना चाहिए। जानवरों को परेशान नहीं करें। दीवाली के दिन किसी प्रकार का नशा नही करें। आओ मिलकर सुरक्षा के दीप जलाएं, फायर स्टेशन 101 व 112 आपदा हेल्पलाइन नं. 1077 का सहयोग लें।

**महिला की तहरीर पर एफआईआर**

## ढाबा संचालक पर मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** ढाबा पर आने वाले लोगों को घर की ओर खड़े होकर बाथरूम कराने से मना करने पर ढ़ाबा संचालक समेत कई दबंगों पर एकराय होकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम महेशपुरा निवासी सरोज राजपूत पत्नी रामदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के सामने एक ढ़ाबा है, जिसका नाम तेज पत्ता बुन्देलखण्ड ढ़ाबा है कि ढ़ाबा पर खाना खाने आने वाले व्यक्ति हमारे दरबाजे के सामने आये दिन गाडिय़ां रखते हैं। आरोप है कि ढ़ाबा संचालक ग्राहकों को उनके घर की ओर ही बाथरूम कराते हैं, जिससे घर में रहने वाले लोगों को परेशानियां होती हैं। महिला ने बताया कि 15 अक्टूबर को जब उनके पुत्र मनीष राजपूत ने मना करते हुये उलाहना दिया तो ढ़ाबा मालिक अमर प्रताप सिंह, विक्रम पटेल, गौरव पटेल ने अपने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनके पुत्र को गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**मिशन शक्ति 5.0 में जागरूकता अभियान चलाया**

## महिला सशक्तीकरण वह प्रक्रिया जो महिलाओं को समाज, परिवार और कार्यस्थल में चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाती: सुडेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवायोजना के अन्तर्गत मिशन शक्ति 5.0 के तत्वावधान में महिला सशक्तीकरण हेतु एक जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेल, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, सहायक प्रभारी दिनेश श्रीवास्तव एवं मिशन शक्ति प्रभारी निधि जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला सशक्तीकरण वह प्रक्रिया है जो महिलाओं को समाज, परिवार और कार्यस्थल में नेतृत्त्व करने, निर्णय लेने और अपनी चुनौतियों का सामना करने के लिये सशक्त बनाती है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर, अधिकार और नियंत्रण प्रदान करना है। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें, एवं सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्तर पर समाज के विकास में समान रूप से योगदान कर सकें। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवायोजना सहायक प्रमुख दिनेश श्रीवास्तव एवं मिशन शक्ति प्रभारी निधि जैन के संयुक्त निर्देशन में ककरूआ गाँव में एक रैली निकाली गयी। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के संरक्षण एवं सशक्त बनाने हेतु जागरूक किया गया। तथा उनके खिलाफ किसी भी मानसिक व शारीरिक शोषण से मुक्ति के लिये वीमैन हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 112 नम्बरों की जानकारी से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ० धनीराम राजपूत रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल. पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

## समाचार संक्षेप

### मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई में ग्राम सोनखरा की 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अभिनव पहल मोबाइल कोर्ट के अंतर्गत तहसील बमोरी के ग्राम पंचायत सोनखरा में मोबाइल न्यायालय का आयोजन किया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम सोनखरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 272 में से लगभग 2 हेक्टेयर भूमि पर से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।उक्त भूमि शासन द्वारा शासकीय हाई स्कूल भवन एवं पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित की गई है। अतिक्रमण हटाने के उपरांत मौके पर ही भूमि का सीमांकन कर ग्राम पंचायत सोनखरा को सुपुर्द किया गया, जिससे आगामी दिनों में निर्माण कार्य आरंभ किया जा सकेगा। इस संबंध में पंचनामा भी तैयार किया गया। मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही में तहसीलदार बमोरीदेवदत्त गोलिया, नायब तहसीलदार जयप्रकाश गौतम, एसआई जगदीश जाटव, पटवारी अजमेर सिंह जामोद, ग्राम सचिव, कोटवार सहित राजस्व, पुलिस एवं पंचायत विभाग का अमला उपस्थित रहा।

### मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अल्पविराम कार्यक्रम का शुभारंभ

**गुना।** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अल्पविराम कार्यक्रम का शुभारंभ राघौगढ़ जनपद पंचायत हॉल में अनुविभागीय अधिकारी अमित सोनी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरीशंकर राजपूत जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन द्वारा माँ सरस्वती के पूजन कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों के दैनिक जीवन एवं कार्य क्षेत्र में सकारात्मक भाव लाना व आनंद की अनुभूति कराना है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सुलेमन ने बताया कि यह कार्यक्रम सार्थक जीवन जीने की कला सिखाता है। इस अवसर पर आनंद विभाग के स्टेट कोर्डिनेटर राजेश पटेल द्वारा अपने अंतिम सत्र में रिश्ते टूटने के कारण ख़ुशी आनंद कुछ देर रूक कर सोचना जानकारी होने के बावजूद हम जीवन में उसका उपयोग कर पा रहे हैं अथवा नहीं विषयों पर चर्चा कर प्रशिक्षण प्रदान किया मास्टर ट्रेनर दुर्गेश सक्सेना व ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्रदान की। लाइफ बैलेंस शीट के माध्यम से काव्यांजलि शर्मा एवं स्वपनिल त्रिपाठी ने जीवन चिंतन का मंथन कराया। स्टेट ट्रेनर ने अदभुत शैली सकारात्मक सोच के विषय में प्रभावी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई, ग्राम झिर व पिपरोदा चक में दी दबिश

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,गुना के आदेश पर एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में 17 अक्टूबर को आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम झिर एवं पिपरोदा चक पर मुखबिर सूचना पर दबिश दी गयी । ग्राम झिर से 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 80 किलो लाहन जब्त किया एवं ग्राम पिपरौदा चक से 06 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 70 किलोग्राम लाहन नष्ट किया गया। साथ ही एक दिन पहले ग्राम निर्भयगढ़ से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 300 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया। ग्राम निर्भयगढ़ में 03 प्रकरण एवं ग्राम झिर में 01 एवं ग्राम पिपरोदा चक में 01 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । कुल 05 प्रकरण आबकारी एक्ट में पंजीबद्ध किए गए। लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।उक्त जबतसूदा मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 28,000- रुपए हैं। कार्यवाही मे प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार पांडेय, गोविंद मीणा एवं महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्रवाई में सजगता दिखा रहा है।



# 'भारत को जानो' परीक्षा में गुना के नौ विद्यालयों की टीमों ने दिखाया ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित "भारत को जानो" परीक्षा में शहर के नौ विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें एस.एल. मेमोरियल स्कूल, न्यू लाइफ स्कूल, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल, नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, स्मृति पब्लिक स्कूल, क्राइस्ट स्कूल, सी.एम. राइस स्कूल, गुरुदेव स्कूल एवं एक्सीलेंस स्कूल की टीमें सम्मिलित रहीं। विद्यालय स्तर पर हुई प्रारंभिक परीक्षाओं के उपरांत प्रत्येक विद्यालय से चार-चार विद्यार्थियों — दो जूनियर वर्ग एवं दो सीनियर वर्ग के छात्रों का चयन किया गया। कुल 36 विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक प्रश्न मंच में अपनी भागीदारी दी।

कार्यक्रम अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक रहा। बच्चों द्वारा दिए गए सही उत्तरों पर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।



**परिणाम इस प्रकार रहे —** सीनियर वर्ग में एस.एल. मेमोरियल स्कूल ने प्रथम स्थान, न्यू लाइफ स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में एस.एल. मेमोरियल स्कूल प्रथम, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल द्वितीय एवं नवीन विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।सीनियर वर्ग से जीती हुई टीम एसएल मेमोरियल एवं जूनियर वर्ग से जीती हुई टीम एसएल मेमोरियल एवं विभिन्न जिलों से जीती हुई टीम में 2 नवंबर को प्रांतीय स्तर पर हो रही प्रतियोगिता में शामिल होगीइस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदेन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रोचकता ऐसी रही कि समय का आभास ही नहीं हुआ। यह प्रश्न मंच दोपहर 1 बजे प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चला।दर्शकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में देश के प्रति ज्ञान, उत्साह और राष्ट्रीय भावना को प्रबल करती हैं।

## चाचौड़ा थानांतर्गत जुआ की दो फड़ों पर पुलिस ने दी दबिश

# 10 जुआरियों पर की कार्रवाई, फड़ों से 5,150 रुपए नकदी सहित तास की गड्डियां जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विविन्न अवैध व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं है । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में जिले के चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जुए के दो अलग-अलग फड़ों पर दविश देकर कुल 10 जुआरियों पर कार्रवाई की है ।

बीती रात जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज मंडी के पास कुछ लोगों के तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर मांग पत्ती का खेल खेले जाने की सूचना पर, जुआरियों की धरपकड़ और कार्यवाही हेतु बीनागंज चौकी से पुलिस की एक टीम तत्काल बीनागंज मंडी के पास पहुंची और जहां मुखबिर की बताई जगह पर जाकर देखा तो वहां 5-6 लोग फड़ जमाकर तास-पत्तों से रूपयों की हारजीत का मांग पत्ती का खेल खेलते दिखे, जिन्हें पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ पर जिनके द्वारा अपने नाम विनोद पुत्र चैन सिंह अहिरवार उम्र 30 साल, मिथुन उर्फ रामस्वरूप पुत्र भुजबल अहिरवार उम्र 40 साल, रूप सिंह पुत्र तुलाराम अहिरवार उम्र 35 साल, चंदन पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र 40 साल, गोपाल पुत्र धीरज अहिरवार उम्र 38 साल निवासीगण ग्राम खातौली थाना चांचौड़ा एवं 6. असमन पुत्र रोडूलाल सूर्यवंशी उम्र 41 साल निवासी ग्राम बड़ोदिया थाना चाचौड़ा जिला गुना के होना बताये । पुलिस द्वारा मौके से 2,800/-रूपये नकदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेल रहे सभी 06 जुआरियों के विरूद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 390/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई ।





इसी प्रकार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पटोदी गांव में आम के बगीचे में कुछ लोगों के जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा तत्काल दबिश दी और मौके पर जुआ खेल रहे 4 जुआरियों गोविन्द सिंह मंटीलाल मीना उम्र 34 साल, धर्मेन्द्र पुत्र रामचरण अहिरवार उम्र 30 साल, दौलत सिंह पुत्र मांगीलाल मीना उम्र 32 साल एवं धीरज पुत्र पूनमचंद अहिरवार निवासीगण ग्राम पटोदी को दबोच लिया गया ।

पुलिस द्वारा मौके से कुल 2,350/- रूपये नकदी सहित तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर जुआ खेलते पकड़े गये सभी 4 जुआरियों के विरूद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 392/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई । जुए के विरूद्ध चांचौडा थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, सउनि रामकृष्ण रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गिर्राज शर्मा, आरक्षक मोनू करारे, आरक्षक अशोक वारिया, आरक्षक शुभम मिश्रा, आरक्षक अजय समाधिया एवं आरक्षक संजय सोलंकी की भूमिका रही है

# नपा के विशेष सम्मेलन में तीन बड़े प्रस्ताव स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना का शुक्रवार को विशेष सम्मेलन आहूत किया गया, जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव, केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के समर्थन में प्रस्ताव, तथा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

उक्त तीनों प्रस्तावों को बहुमत से पारित कर दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि विगत दिनों नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय कैलाश विजयवर्गीय जी द्वारा प्रेषित उक्त तीनों प्रस्तावों के समर्थन में परिषद से प्रस्ताव स्वीकृत कर शासन की ओर भेजे जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके पालन में नगर पालिका गुना द्वारा विशेष सम्मेलन आयोजित कर तीनों प्रस्ताव बहुमत से पारित कर शासन की ओर प्रेषित कर दिए गए हैं, जिससे केंद्र सरकार और राज्य सरकार को विकास योजनाओं को बनाने में बल मिलेगा। बैठक के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने सदन को अवगत कराया कि नगर पालिका गुना को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

उक्त हेतु महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नगर पालिका गुना को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही 40 लाख रुपए का पुरूस्कार स्वरूप प्राप्त होंगे। सीएमओ द्वारा सभी पार्षदों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।नपाध्यक्ष ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# आपस में भिड़ीं पारदी महिलाएं, कैंट थाने में जमकर चले लात-घूंसे

## दोनों पक्षों पर हुआ क्रॉस मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप गत दिवस दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब दो पारदी पक्षों की महिलाएं आपस में भिड़ गईं। पुरानी रंजिश को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों की महिलाओं को चोटें आईं। विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर कैंट थाना पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

मामले में पहले पक्ष की फरियादिया पूजा पारदी पत्नी विक्की पारदी (30) निवासी खेजरा हाल गढ़ला थाना बजरंगगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गांव की अन्य महिलाओं रीता पारदी, मधु पारदी, सिलोना पारदी, बब्लू पारदी और चुस्मा पारदी के साथ किसी आवेदन को लेकर एसपी कार्यालय आई थीं। जैसे ही वे कार्यालय के सामने पहुंचीं, तभी गांव की सरिता पारदी, विद्या पारदी, पंजी पारदी, अनीला पारदी, झल्लो पारदी, पायल पारदी और मोहरबाई पारदी वहां पहुंच गईं और पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें गालियां देने लगीं। विरोध करने पर उन्होंने पूजा और अन्य महिलाओं के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे पूजा के पीठ और कमर में चोट आई। वहीं मधु और सिलोना पारदी को भी चोटें पहुंचीं। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले महिलाओं ने धमकी दी । इधर दूसरे पक्ष की सरिता पारदी पत्नी खेरू पारदी (40) निवासी खेजरा विश्वनगर थाना धरनावदा ने भी उसी घटना के संबंध में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई। सरिता ने बताया कि वह अपने पति खेरू पारदी के मर्डर केस में आरोपी रामपूजन पारदी को पकड़े जाने के संबंध में आवेदन देने अन्य महिलाओं अजीता पारदी, पायल पारदी, झल्लो पारदी और मोहरबाई पारदी के साथ एसपी कार्यालय आई थी। उसी समय पूजा पारदी, रीता पारदी, मधु पारदी, सिलोना पारदी, बब्लू पारदी, विक्की पारदी और चुस्मा पारदी वहां पहुंच गईं और पुरानी रंजिश के चलते गालियां देने लगीं। मना करने पर लात-घूंसों से मारपीट की।

## खाद्य विभाग ने 13 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर आठ प्रतिष्ठानों के विरुद्ध किया प्रकरण दर्ज

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिये जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आशीष चतुर्वेदी के द्वारा शर्मा होटल हनुमान चौराहा से 02, पीताम्बारा कचौडी सेंटर से 04, कुशवाह बेड़ई तेलघानी चौराहा से 01, महाशय जलेवी बस स्टेण्ड से 01, जयमहाकाल चाट भण्डार बस स्टेण्ड से 01,राज स्वीट्स बस स्टेण्ड से 01, राजू होटल हाटरोड से 01 एवं बाबूलाल कुशवाह से 02 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये हैं। निरीक्षण में संबंधित द्वारा व्यवसायिक उपयोग के कागजात प्रस्तुत नहीं किये। इस प्रकार 13 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये। उक्त सिलेंडरों को जप्ती उपरांत विवेक गैस एजेंसी को सुपुर्दगी में दिये गये हैं। इन आठों दुकानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत प्रकरण बनाया गया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। जांच दल में अवधेश पाण्डेय, जिला आपूर्ति अधिकारी के साथ आशीष चतुर्वेदी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सम्मिलित थे। घरेलू गैस सिलेंडर के दुरूपयोग के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।



## शासकीय उचित मूल्य दुकान उमरथाना पर एफआईआर दर्ज, सोनखरा दुकान के विक्रेता को किया सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ बनाने के लिये कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांचौडा रवि मालवीय के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान उमरथाना के विक्रेता द्वारा समय पर दुकान नहीं खोलने तथा उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण समय पर नहीं करने तथा सामग्री में गेहूँ 68.93 क्वि., चावल 103.66 क्विं., शक्कर- 145 किलो, अपयोजित राशि 6,27,955/- रूपये की हेराफेरी करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विक्रेता एवं अन्य के विरूद्ध एफ.आई.आर. चांचौडा थाने में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री शिवराज सिह कुशवाह द्वारा दर्ज कराई गई। इसी प्रकार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बमौरी, इन्दु शर्मा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान सोनखरा के सेल्समेन व सहायक सेल्समेन द्वारा दुकान समय पर नहीं खोलने तथा स्टॉक में हेराफेरी करने के प्रतिवेदन के आधार पर सेवा से पृथक करने के आदेश अनुविभागीय अधिकारी गुना द्वारा दिये गये है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमिततायें करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कडी कार्रवाई लगातार आगे भी जारी रहेगी।

### जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा संपन्न

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में मेटरनिटी वार्ड, 108 एंबुलेंस सेवा, सीएम हेल्पलाइन तथा अस्पताल की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देश दिए अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज के प्रति डॉक्टर और स्टाफ का व्यवहार संवेदनशील और सहयोगात्मक होना चाहिए। उन्होंने कहा "लोग इमरजेंसी में यहां आते हैं,सभी डॉक्टर और स्टाफ अपना व्यवहार अच्छा रखे।" उन्होंने मेटरनिटी वार्ड की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा दिवाली तक सभी को समझाइश दी जाए परिसर में गंदगी न करें। इसके बाद यदि कोई व्यक्ति पान-गुटखा खाकर या गंदगी फैलाते हुए पाया जाता है, तो उस पर 100 का जुर्माना लगाया जाए। साथ ही, जो व्यक्ति गंदगी करने वालों की जानकारी देगा, उसे पुरस्कृत किया जाएगा। कलेक्टर कन्याल ने कहा "यही छोटे-छोटे प्रयास एक बड़े परिणाम में बदलते हैं।

### आरोन की बेटी सीएसपी हिना खान ने किया नगर का नाम रोशन कर्तव्यनिष्ठा और सूझबूझ से तनावपूर्ण माहौल को किया नियंत्रित

**आरोन।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में हाल ही में व्याप्त अशांति और तनाव के माहौल के दौरान नगर की बेटी सीएसपी हिना खान ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, सूझबूझ और शांतिपूर्ण नेतृत्व क्षमता से स्थिति को पूर्णतः नियंत्रण में लाकर न केवल प्रदेश बल्कि पूरा देश उनका मुरीद हो गया है।तनावपूर्ण हालात में कर्तव्य पर डटी रही हिना खान ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिस प्रकार संयम और समझदारी से भीड़ को नियंत्रित किया, वह उनके देशभक्ति, साहस और पेशेवर निष्ठा का परिचायक है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर कार्रवाई

# जिले में 14 दुकानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर और भट्टियां जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यवसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। लटेरी एसडीएम अंजना एक्का के नेतृत्व में विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शर्मा मिष्ठान भंडार, गुरुकृपा भोजनालय, पंचवटी रेस्टोरेंट और जीजा नाश्ता कार्नर जैसे प्रतिष्ठानों से कुल पांच घरेलू गैस सिलेण्डर और भट्टियां जब्त की गईं। इसी तरह विदिशा अनुविभाग क्षेत्र में 5 प्रतिष्ठानों से 7 घरेलू गैस टंकी और 5 भट्टियां जब्त की गईं। कुरवाई अनुविभाग क्षेत्र में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने लोधी टी स्टॉल, हरि रेस्टोरेंट, अग्रवाल स्वीट्स, बिलाल अहमद की होटल और स्टूडेंट टी स्टॉल सहित पांच प्रतिष्ठानों से सात गैस टंकी व भट्टियां जब्त कीं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में कुल 14 प्रतिष्ठानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर और भट्टियां जब्त की गई हैं।

## गुना में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

# विजेता टीम को मोमेंटो व शील्ड प्रदान कर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय खेल नोडल केंद्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना में दिनांक 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ।

इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल 17 वर्ष बालक/ बालिका वर्ग के मैच आयोजित किए गए। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन, इंदौर, रीवा, ग्वालियर, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, शहडोल, जबलपुर और जनजातीय विभाग कुल 10 संभागों की टीमें ने सहभागिता की। इस राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 240 बालक एवं बालिक खिलाड़ी,50 कोच/ मैनेजर एवं 30 ऑफिशियल्स सहित लगभग 320 खिलाड़ी एवं ऑफिशल्स इस आयोजन में सहभागिता की। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने संबोधित कर विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही फाइनल एवं सेमीफाइनल टीम को मोमेंटो शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सी ओ अभिषेक दुवे ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं खेल विभाग के अधिकारी एवं कोच मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



